आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 01.10.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- हरिद्वार मेडिकल कॉलेज में एम.बी.बी.एस की 100 सीटों के लिए तीन अक्टूबर से होगी कांउसलिंग।
- चपांवत जिला मुख्यालय में पांच नवनिर्मित पार्किंग स्थलों का शुभारंभ।
- पिथौरागढ़ से युवाओं का दल नामिक ग्लेशियर ट्रैकिंग के लिए रवाना।
- कानपुर क्रिकेट टेस्ट में भारत ने बांग्लादेश को सात विकेट से हराकर दो मैचों की श्रृंखला दो–शून्य से जीती।

मंजूरी

हरिद्वार जिले के मेडिकल कॉलेज के लिए तीन अक्टूबर से कांउसलिंग की प्रक्रिया शुरू होगी। स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने कहा कि तीन महीने में मेडिकल कॉलेज पूरी तरह शुरू हो जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने आज हरिद्वार में बन रहे मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्यों को जल्द ही पूरा करने के निर्देश दिए। पत्रकारों से बातचीत में डॉक्टर रावत ने बताया कि मेडिकल कॉलेज के लिए एक हजार भर्तियां की जाएगी, जिसके लिए जल्द विज्ञप्ति जारी होगी। इन छात्रों के एडमिशन इसी वर्ष किए जाएंगे। छात्रों के रहने और अध्ययन कक्ष की व्यवस्था भी जल्द शुरू हो जाएगी।

मुलाकात

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह से राजभवन में पूर्व सैनिकों ने मुलाकात कर उनके हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। इस चर्चा में सुदूरवर्ती क्षेत्रों में ईसीएचएस और सीएसडी सुविधाओं में आ रही परेशानियों और उनके विस्तार सहित पूर्व सैनिकों की अन्य विभिन्न समस्याओं और अन्य कल्याणकारी उपायों पर गंभीरता से विचार किया गया। राज्यपाल ने कहा कि प्राप्त सभी सुझावों पर उचित कार्यवाही की जाएगी, ताकि पूर्व सैनिकों की समस्याओं का समाधान हो सके। उन्होंने ईसीएचएस में आ रही दिक्कतों के लिए ईसीएचएस के प्रबंध निदेशक के साथ बैठक कर यथाशीघ्र परेशानियों को दूर करने का आश्वासन दिया। बैठक में राज्यपाल ने कहा कि पूर्व सैनिक नशामुक्त अभियान, होम स्टे, शहद उत्पादन को बढ़ावा देने के साथ ही अन्य क्षेत्रों महत्वूपर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

पार्किंग सुविधा

चंपावत जिला मुख्यालय में पांच नवनिर्मित पार्किंग स्थलों में वाहन पार्किंग शुरू हो गई है। पार्किंग सुविधा शुरू होने से जाम की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि लंबे समय से जिला मुख्यालय में पार्किंग की परेशानी थी। शासन–प्रशासन के स्तर से इसमें काम करने के बाद क्षेत्र में तीन सरफेस पार्किंग सहित दो मल्टी पार्किंग का निर्माण किया गया, जिसका संचालन आज से शुरू हो गया हैं

उपस्थिति अनिवार्य

अल्मोड़ा में आयोजित होने वाली जिला पंचायत और क्षेत्र पंचायतों की बैठकों में जनपद स्तरीय अधिकारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहना होगा। जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडेय ने कहा कि उनके संज्ञान में आया है कि जिला स्तरीय अधिकारी जिला पंचायत और क्षेत्र पंचायतों की बैठकों में हिस्सा नहीं लेते, जिससे जनप्रतिनिधि नाराजगी व्यक्त करते हैं। इससे जनहित के कार्य भी प्रतिकूल रूप से प्रभावित हो रहे हैं और स्थानीय शिकायतों और समस्याओं का समाधान न होने पर समस्यांए शासन स्तर पर प्रेषित की जाती हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकारी स्वयं जिला पंचायत और क्षेत्र पंचायतों की बैठकों में

अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि बैठक में शामिल न होने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

ट्रेकिंग

पिथौरागढ़ के जिलाधिकारी विनोद गिरी गोस्वामी ने नामिक ग्लेशियर ट्रैकिंग के लिए 18 से 25 आयु वर्ग के युवाओं के दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला योजना के तहत जिले के विभिन्न विकास खंडो से चुने गए युवाओं की टीम 10 अक्टूबर तक उच्च हिमालयी क्षेत्र में रहेगी। इस दौरान ये दल ट्रेकिंग के साथ ही 14 हजार फीट की ऊंचाई पर जाकर पर्यावरण को साफ सुथरा रखने का संदेश देगा और वहां स्वच्छता अभियान चलाते हुए बिखरे कूड़े को अपने साथ लेकर आएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि दल के साथ ट्रेकिंग के लिए पांच गाईड को भी शामिल किया गया है जिनकी देख–रेख में ट्रैकिंग का कार्य किया जाएगा।

कृषि बैठक

कृषि एवं उद्यान मंत्री गणेश जोशी ने राज्य के सेब काश्तकारों को यूनिवर्सल कार्टन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। कृषि और उद्यान विभाग की समीक्षा बैठक में श्री जोशी ने विभागीय अधिकारियों को किसानों से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर करने के निर्देश दिए। कृषि मंत्री ने जैविक और प्राकृतिक खेती के प्रति किसानों को प्रोत्साहित करने के साथ ही नवाचारों को कृषकों तक पहुंचाने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को क्लस्टर आधारित जैविक खेती को बढ़ावा देने के निर्देश दिए।

चारधाम यात्रा

प्रदेश में बरसात में कमी आने के साथ ही चारधाम यात्रा में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार बढोतरी हो रही है। अब तक 38 लाख से अधिक श्रद्धालु चारधाम के दर्शन कर चुके हैं। अक्टूबर और नवंबर माह की यात्रा के लिए बड़ी संख्या में यात्रियों ने पंजीकरण कराया है।

स्वच्छता सेवा

स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत आज विधानसभा के अध्यक्ष ऋतु खण्डूड़ी भूषण ने अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ मिलकर विधानसभा परिसर की सफाई की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वच्छता का संदेश केवल एक दिन का नहीं, है, बल्कि इसे लगातार आगे बढ़ाना होगा। उन्होंने सभी से मिलकर स्वच्छ, स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण के निर्माण की दिशा में काम करने का आह्वान किया। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हमारे जीवन का एक अनिवार्य हिस्सा होना चाहिए।

उधर, उत्तरकाशी जिले में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत विकास भवन परिसर में बड़े पैमाने पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने आस–पास के क्षेत्रों को स्वच्छ बनाये रखने के साथ ही लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई।

क्रिकेट

क्रिकेट में, भारत ने कानपुर में दूसरे टेस्ट मैच में बंगलादेश को सात विकेट से हराकर दो टैस्ट मैचों की श्रृंखला दो–शून्य से जीत ली है। मैच के पांचवें दिन भारत ने बंगलादेश को दूसरी पारी में 146 रन पर समेट दिया। इसके बाद तीन विकेट पर 95 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया।

रक्त दान

राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस पर प्रदेश के विभिन्न स्थानों में रक्तदान शिविर आयोजित किए गए। इनमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया और रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूकता को बढाया। उत्तरकाशी जिले में राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस पर जिला चिकित्सालय में मुख्य चिकित्सा अधिकारी के नेतृत्व में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एन एस एस

के छात्रों ने रैली निकालकर लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक किया। इस दौरान छात्रों ने रक्तदान भी किया।

समापन

हल्द्वानी में सुपोषित किशोरी, सशक्त नारी थीम पर एक सितंबर से शुरू पोषण माह के समापन पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी ने कहा कि कुपोषण से लड़ने के लिए संतुलित आहार जरूरी है। इस मौके पर महिलाओं के लिए एनीमिया जांच और स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। कार्यक्रम में महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास विभाग ने 27 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कर उन्हें पोषणयुक्त टोकरी दी। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाली कार्यकत्रियों और सहायिकाओं को पुरस्कृत भी किया गया।